


दैनिक

# फाईट अगेंस्ट क्रिमिनल



वर्ष : ०९ | अंक:२५८ | मुंबई,सोमवार ०२ मार्च २०२६ | RNI. No. : MAHHIN/2016/71734 | पृष्ठ-४ | मूल्य २/रू.


## जामकरान मस्जिद पर लाल झंडा फहराया, ईरान ने अमेरिका-इजराइल को दी तबाही की चेतावनी

इजराइल-ईरान में युद्ध के हालात पैदा हो गए हैं। आयतुल्लाह खामनेई की मौत के बाद ईरान ने इजराइल में घातक मिसाइल दांगी। ईरान ने अटैक को और ज्यादा बढ़ा दिया है। उसने तेल अवीव में हमला कर दिया है। इसके साथ और भी जगहों को निशाना बनाया है। इजराइल ने एक बार फिर ईरान में बारूद बरसा दिया है। तेहरान में कई जगहों पर धमाके हुए हैं। इससे ठीक पहले ईरान ने अमेरिका को अटैक की धमकी दी थी। ईरान में 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद, अमेरिकी जहाजों पर लगाई पाबंदी लगा दी गई है। इजराइल का दावा, ईरान पर 1200 से ज्यादा बम गिराए। प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हवाई हमलों की शनिवार को निंदा की जबकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिकी व इजराइली राजदूतों की ईरानी राजदूत से जबरदस्त बहस हुई। जामकरन मस्जिद ईरान के कोम शहर से लगभग 6 किलोमीटर पूर्व में, जामकरन गांव में स्थित है। यह कोम-काशान मार्ग पर बनी है और शिया इस्लाम में इसका विशेष धार्मिक महत्व है। यह मस्जिद शिया मुसलमानों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है, जो बारहवें इमाम, इमाम महदी से जुड़ी मान्यताओं के कारण प्रसिद्ध है। शिया परंपराओं के अनुसार इस मस्जदि का निर्माण 393 हिजरी (1003 ईस्वी) में हसन बिन मस्लह द्वारा इमाम महदी के आदेश पर किया गया था।




## 15 नक्सलियों ने एके 47 सहित हथियारों के साथ किया आत्मसमर्पण, 9 महिला और 6 पुरुष माओवादी शामिल

**महासमुंद** : आज 15 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें नौ महिला और छह पुरुष नक्सली शामिल हैं। माओवादियों ने एके 47 सहित कई हथियारों के साथ यह कदम उठाया है। आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों की पहली तस्वीर सामने आई है। यह घटना क्षेत्र में शांति बहाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। पुलिस प्रशासन ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए विशेष व्यवस्था की है। उनका स्वागत रेड कारपेट बिछाकर किया जाएगा। यह कदम अन्य नक्सलियों को भी मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित कर सकता है। आज दोपहर 3:30 बजे रक्षित केंद्र महासमुंद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। इस दौरान आत्मसमर्पण की पूरी जानकारी साझा की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह आत्मसमर्पण एक बड़ी सफलता है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर रायपुर के पुलिस महानिरीक्षक और संबलपुर के पुलिस महानिरीक्षक मौजूद रहेंगे। रेड कारपेट बिछाकर नक्सलियों का स्वागत करना प्रशासन की सकारात्मक पहल को दर्शाता है। यह दर्शाता है कि सरकार हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने वालों का समर्थन करती है। यह आयोजन रक्षित केंद्र महासमुंद में होगा।



# खामेनेई की मौत से मिडिल ईस्ट में भूचाल

## ईरान में शोक और तनाव



■ सईद शेख

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली ख़ामेनेई की मौत ने पूरे मध्य पूर्व की राजनीति को झकझोर कर रख दिया है। राजधानी तेहरान में हुए बड़े सैन्य हमले के बाद उनकी मौत की खबर सामने आई, जिसके बाद पूरे ईरान में शोक और अनिश्चितता का माहौल फैल गया है। ईरान में इसे बड़ी राष्ट्रीय क्षति माना जा रहा है और कई जगहों पर शोक सभाएं आयोजित की जा रही हैं। बताया जा रहा है कि हालात बेहद तनावपूर्ण होने के बावजूद उन्होंने राजधानी छोड़ने से इनकार कर दिया था। लगातार खतरे की आशंका के बीच भी वे अपने दफ्तर से काम करते रहे। इसी दौरान हुए हमले में उनकी मौत हो गई। समर्थक इसे साहस और प्रतिबद्धता का प्रतीक मान रहे हैं और उनकी मौत को शहादत बताया जा रहा है। ख़ामेनेई पिछले कई दशकों से ईरान की सत्ता के सबसे प्रभावशाली नेता रहे। देश की विदेश नीति, सैन्य रणनीति और क्षेत्रीय संबंधों पर उनका गहरा प्रभाव था। उनके नेतृत्व में ईरान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई और कई वैश्विक मुद्दों पर कड़ा रुख अपनाया। इस घटना के बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान भी चर्चा में हैं। इस घटनाक्रम को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। जहां कुछ लोग इसे बड़ी रणनीतिक सफलता बता रहे हैं, वहीं ईरान समर्थक गुट इसे एक नए और बड़े संघर्ष की शुरुआत मान रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि ख़ामेनेई की मौत के बाद ईरान के सामने नेतृत्व और स्थिरता की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। नए नेतृत्व को लेकर राजनीतिक प्रक्रिया तेज हो सकती है, जबकि क्षेत्र में तनाव बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है।



ख़ामेनेई की मौत को एक युग के अंत के रूप में देखा जा रहा है। समर्थकों के लिए वे प्रतिरोध और दृढ़ नेतृत्व का प्रतीक थे, जबकि आलोचकों के लिए कठोर सत्ता का चेहरा। लेकिन इतना तय है कि इस घटना का असर सिर्फ ईरान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे मध्य पूर्व की राजनीति और शक्ति संतुलन पर लंबे समय तक दिखाई देंगे.

## ईरानी सुप्रीम लीडर की मौत के बाद पाकिस्तान के कराची में भारी हिंसा, अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को लगाई आग, 8 की मौत

**इस्लामाबादः** ईरान के सर्वोच्च नेता की मौत के बाद पाकिस्तान में स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई है। कराची में भीड़ ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास पर हमला कर दिया है। मौके से आए वीडियो में दिख रहा है कि खामेनेई की मौत और ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमलों के विरोध में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी कराची की सड़कों पर उतर आए हैं। भीड़ ने माई कोलाची रोड स्थित अमेरिकी दूतावास पर हमला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने दूतावास के प्रवेश द्वार के पास तोड़फोड़ की और गार्ड हाउस में आग लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दूतावास के बाहर धुएं का गुबार देखा जा सकता है। आपको बता दें कि इजरायली हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत हो गई है। जिसके बाद दुनिया के कई देशों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इराक से लेकर भारत में भी खामेनेई की मौत के बाद प्रदर्शन किए जा रहे हैं। वहीं ईराक में भी अमेरिकी दूतावास पर हमला हुआ है। इराक में अमेरिकी दूतावास को तोड़ने वाली मशीनों को जब्त किया गया है। प्रदर्शनकारी मशीन लेकर दूतावास को तोड़ने पहुंचे थे। ईरान पर हमले के साथ ही अमेरिकी मिशन ने कराची सहित पूरे पाकिस्तान में अपने नागरिकों के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है। 1 मार्च यानि आज के लिए सभी नियमित और आपातकालीन नियुक्तियां रद्द कर दी गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान के समर्थन में प्रदर्शन कर रही भीड़ ने कराची में अमेरिकन कॉन्सुलेट के एंट्री गेट पर पर तोड़-फोड़ की और आग लगा दी, जिसके बाद पुलिस की कार्रवाई में कई लोग घायल हुए हैं। गोली चलने की भी जानकारी आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया है। चश्मदीदों ने बताया है कि पाकिस्तान की सेना और स्थानीय सिक्योरिटी फोर्स ने अशांति को रोकने के लिए फायरिंग की है। अपुष्ट रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक आठ प्रदर्शनकारी मारे गए हैं, जबकि इस अफरा-तफरी में US दूतावास के तीन स्टाफ घायल हो गए हैं। वहीं पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर ने प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटने का आदेश दिया है। पाकिस्तान के अलावा इराक की राजधानी बगदाद में भी प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी दूतावास की ओर कूच करने की कोशिश की है। पूरे मध्य-पूर्व और दक्षिण एशिया के मुस्लिम बहुल इलाकों में अमेरिका विरोधी लहर देखी जा रही है।



## एसएससी इंग्लिश पेपर में बड़ा घोटाला? अमरावती में पेपर लीक मामले में दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया

**अमरावतीः** अमरावती के अंजनगांव सुर्जी में 10वीं कक्षा के अंग्रेजी विषय के दो प्रश्नपत्र लीक होने की घटना सामने आई है। इस मामले में समूह शिक्षा अधिकारी सुधीर खोडे को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो कर्मचारी अभी फरार बताए जा रहे हैं। अंजनगांव सुर्जी पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए संबंधित आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

नागपुर में 12वीं विज्ञान शाखा के फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स के पेपर लीक का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि अमरावती में 10वीं का पेपर लीक होने की चौंकाने वाली घटना सामने आ गई है। इस मामले में समूह शिक्षा अधिकारी समेत एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो कर्मचारी अभी भी फरार हैं। यह घटना अमरावती के अंजनगांव सुर्जी में हुई, जहां अंग्रेजी विषय के दो पेपर लीक हुए हैं। इनमें एक उर्दू माध्यम और एक अंग्रेजी माध्यम का प्रश्नपत्र शामिल बताया जा रहा है। नागपुर में 12वीं विज्ञान शाखा के फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स के पेपर लीक होने से राज्यभर में हड़कंप मच गया था। इसके बाद बोर्ड ने कस्टोडियन से लेकर केंद्र प्रमुखों की आपात बैठक लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे। प्रारंभिक जांच में बोर्ड ने आशंका जताई थी कि 'रनर' के जरिए यह पेपर लीक हुआ। इस मामले में पुलिस ने एक मुख्याध्यापक और एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है। पेपर लीक प्रकरण की विभागीय जांच के आदेश बोर्ड ने दे दिए हैं और इसके लिए जल्द ही एक समिति गठित की जाएगी।




# खामेनेई की मौत का भारत में विरोध!

## लखनऊ से श्रीनगर तक प्रदर्शन...

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर भारत में भी कई जगहों पर शोक और विरोध का माहौल देखने को मिल रहा है. इजराइल और अमेरिका की संयुक्त कार्रवाई में खामेनेई के मारे जाने के बाद जम्मू-कश्मीर समेत देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं.

श्रीनगर में कश्मीरी शिया मुसलमानों ने लाल चौक पर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन किया है. कारगिल में भी विरोध जताया जा रहा है. इसके साथ-साथ उत्तर प्रदेश के लखनऊ में शिया मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर उतरकर अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं. लखनऊ में शिया धार्मिक नेता मौलाना सैफ अब्बास ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया, कल इजराइल और अमेरिका ने जो हमला किया, उसे टेररिस्ट अटैक कहा जा रहा है. आज इसने पूरी खाड़ी को जंग में झोंक दिया है. दुनिया को समझना चाहिए कि अमेरिका और इजराइल कैसे पूरी दुनिया में खून-खराबा, नफरत और दहशतगर्दी फैला रहे हैं. मौलाना सैफ अब्बास बताते हैं कि खामेनेई किसी एक देश के लीडर नहीं थे, बल्कि हर दबे-कुचले इंसान, हर मुसलमान और हर इंसान के लीडर थे. कोई नहीं जानता कि यह चल रहा झगड़ा कहां ले जाएगा, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि ईरान जीतेगा.




SHABBIR MEMON (DIRECTOR) 9892488825. TEL: 022 6780894

MEMON REALTORS

Builder & Devloper PVT. LTD.

Shop No. 1 to 5, Bldg,. No . 2 Next Ahuja Bulding R.M. Road, Oshiwara, Jogeshwari(W), Mumbai - 400 102. memonshabbir24@gmail.com

## संपादकीय



एम.एस.शेख
संपादक

### एसआईआर संवैधानिक या असंवैधानिक?

पश्चिम बंगाल के इलेक्शन कमीशन द्वारा २८ फरवरी को जारी की गई फाइनल वोटर लिस्ट ने राज्य की सियासत में हलचल मचा दी है। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के बाद प्रकाशित इस सूची में कई जिलों से लाखों नाम हटा दिए गए हैं। मतदाता सूची से नाम कटने के बाद राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और आम मतदाताओं के बीच भारी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। बड़े पैमाने पर पश्चिम बंगाल में विरोध शुरू हो गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पश्चिम बंगाल के ७ करोड़ से अधिक मतदाताओं का सत्यापन चुनाव आयोग द्वारा कराया गया है। बांकुरा जिले में पहले लगभग ३०.३३ लाख मतदाता दर्ज थे। ड्राफ्ट रोल के बाद मतदाताओं की संख्या घटकर करीब २९ लाख रह गई। अंतिम सूची में लगभग सवा लाख नाम और कम हो गए हैं। वहीं सीमावर्ती नाडिया जिले में भी लाखों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से अलग कर दिए गए हैं। यह मतदाता पिछले कई चुनाव से मतदान करते आ रहे थे। पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में करोड़ों नाम हटाए जा रहे हैं। मतदाता सूची के इन आंकड़ों ने सवाल खड़ा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा समय पर जो निर्देश चुनाव आयोग को दिए गए थे, उनका पालन चुनाव आयोग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा क्यों नहीं किया गया? जिन दस्तावेजों को स्वीकार किया जाना था, वह स्वीकार नहीं किए गए। सॉफ्टवेयर की सहायता और माइक्रो ऑब्जाबर की रिपोर्ट पर मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। एक विशेष वर्ग के मतदाताओं के नाम सबसे ज्यादा हटाए गए हैं। इस तरह के भी आरोप लगाए जा रहे हैं। केंद्रीय चुनाव आयोग के सेंट्रल सिस्टम के सॉफ्टवेयर से नाम हटाए जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर फिर से एक नया विवाद शुरू हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर न्यायिक अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं, लेकिन जिस तरह से मतदाता सूची को लेकर विवाद बना हुआ है, इसी बीच चुनाव आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गई है। चुनाव आयोग की इस कार्यवाही से पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दलों और मतदाताओं में तीव्र उग्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले से एसआईआर का यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। अभी तक इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। चुनाव आयोग को एसएसआई करने का या नागरिकता तय करने का संवैधानिक अधिकार है,या नहीं। इस बात का आज तक फैसला नहीं हुआ। इसके बाद भी बिहार में विधानसभा के चुनाव हो गए। केंद्रीय चुनाव आयोग जिस तरह से चुनाव कराना चाहता था, उस तरह से वह चुनाव कराने में सफल रहा। चुनाव के दौरान कोई भी निष्पक्षता और पारदर्शिता का पालन चुनाव आयोग द्वारा नहीं किया गया। यह भी कई सुनवाई में साबित हो गया है। अब बिहार के तरह की स्थिति पश्चिम बंगाल में देखने को मिल रही है। जो मतदाता सूची प्रकाशित हुई है। इसके राजनीतिक प्रभाव भी दूरगामी होंगे। विपक्षी दलों का आरोप है, बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने से नागरिकों के मत का संवैधानिक अधिकार खत्म हो रहा है।

# मीरा-भायंदर में 'विश्वगुरु उड्डाणपुल' नामकरण पर सियासी घमासान

## कांग्रेस का तंज – 'नाम बदलने की राजनीति करने वालों को आईना'

नजमुल हसन रिज़वी

**मीरा-भायंदर :** शहर के चर्चित बॉटल-आकृति (बोतल जैसे डिजाइन) वाले फ्लाईओवर के नामकरण को लेकर मीरा-भायंदर की राजनीति गरमा गई है। जहां एक ओर भाजपा पर जिलों, सड़कों और चौकों के नाम बदलने की राजनीति करने के आरोप लगाए जाते रहे हैं, वहीं अब कांग्रेस ने इसी शैली में तंज कसते हुए इस पुल को 'विश्वगुरु उड्डाणपुल' नाम देने की मांग उठाई है।







शहर के 'बॉटल नेक' बने इस बहुचर्चित फ्लाईओवर की डिजाइन और यातायात नियोजन को लेकर पहले ही सोशल मीडिया पर तीखी आलोचना हो चुकी है। वायरल वीडियो और पोस्ट्स के बाद यह पुल राज्य ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया था।

**प्रतीकात्मक नामकरण से शुरू हुआ विवाद**

युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने पुल पर प्रतीकात्मक रूप से 'विश्वगुरु उड्डाणपुल' का फलक लगाकर सत्ताधारी पक्ष पर निशाना साधा। इस कदम के बाद कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं।

युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सिद्धेश राणे ने कहा, 'सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इस पुल की स्थिति से साफ दिखाई देती है। हमने यह नाम व्यंग्य के तौर पर दिया है, ताकि दिखाया जा सके कि प्रचार और वास्तविकता में कितना अंतर है।'

युवा कांग्रेस प्रवक्ता रवि खरात ने कहा, 'अगर हर परियोजना को उपलब्धि बताकर उसका राजनीतिक प्रचार किया जाएगा, तो जनता भी सवाल पूछेगी। यह फ्लाईओवर शहर की इंजीनियरिंग खामियों का उदाहरण बन गया है।'

**कांग्रेस की आधिकारिक मांग**

मीरा-भायंदर कांग्रेस के प्रवक्ता दीपक बागड़ी ने पुल के नामकरण की औपचारिक मांग करते हुए इसे शहर का 'आठवां अजूबा' बताया। उन्होंने कहा, 'यह केवल कंक्रीट और लोहे का ढांचा नहीं, बल्कि मीरा-भायंदर की कनेक्टिविटी और विकास का प्रतीक है। इसकी अनोखी संरचना को देखते हुए इसका नाम 'विश्वगुरु उड्डाणपुल' रखा जाना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता तो विकास में योगदान देने वाले जनप्रतिनिधियों के नाम पर भी विचार किया जा सकता है।'

**प्रशासन से पारदर्शी निर्णय की मांग**

कांग्रेस नेताओं ने मीरा-भायंदर महानगरपालिका और संबंधित प्राधिकरणों से जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से जल्द निर्णय लेने की मांग की है।

फिलहाल इस नामकरण प्रस्ताव ने शहर की राजनीति में नया विवाद खड़ा कर दिया है और अब देखना होगा कि प्रशासन इस 'आठवें अजूबे' कहे जा रहे फ्लाईओवर को लेकर क्या फैसला करता है।

# पुलिस अभ्यर्थियों की दुर्दशा पर खबर के बाद हरकत में आए मंत्री प्रताप सरनाईक

## मीरा-भायंदर प्रशासन को कड़ी चेतावनी

**नजमुल हसन रिज़वी**

**मीरा रोड :** पुलिस भर्ती के लिए राज्यभर से आए हजारों युवाओं को मीरा-भायंदर में खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर होना पड़ा। अभ्यर्थियों की इस गंभीर परेशानी को लेकर फाइट अगेंस्ट क्रिमिनल द्वारा प्रमुखता से खबर प्रकाशित किए जाने के बाद राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए प्रशासन को कड़े निर्देश जारी किए हैं।





मंत्री सरनाईक ने कहा कि जिन युवाओं के कंधों पर भविष्य में राज्य की कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी होगी, उन्हें ही बुनियादी सुविधाओं के बिना सड़कों पर रात गुजारनी पड़े, यह प्रशासन के लिए शर्मनाक स्थिति है। उन्होंने अभ्यर्थियों के लिए तुरंत निवास, पेयजल और स्वच्छता सुविधाओं की व्यवस्था करने का आदेश दिया।

**प्रशासनिक समन्वय पर सवाल**

मंत्री ने पुलिस आयुक्तालय और महानगरपालिका प्रशासन के बीच समन्वय की कमी को इस स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने निर्देश दिया कि महानगरपालिका के सभागृह तुरंत अभ्यर्थियों के लिए खोले जाएं तथा मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (MMRDA) और बीएसयूपी योजना के अंतर्गत उपलब्ध खाली सदनिकाओं का उपयोग अस्थायी निवास के रूप में किया जाए।

**भोजन की जिम्मेदारी खुद उठाई**

प्रशासनिक देरी के बीच मंत्री सरनाईक ने स्वयं तथा अपनी शिवसेना संगठन की ओर से अभ्यर्थियों के भोजन की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी भी स्वीकार की है। स्थानीय पदाधिकारियों को मैदान का दौरा कर तत्काल राहत व्यवस्था शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

**भर्ती प्रक्रिया में हजारों अभ्यर्थी शामिल**

मीरा-भायंदर वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत 921 पदों के लिए चल रही भर्ती प्रक्रिया में राज्य के विभिन्न जिलों से हजारों युवक-युवतियां भाईंदर पहुंचे हैं। 20 फरवरी से भाईंदर पश्चिम स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस मैदान में शारीरिक परीक्षा आयोजित की जा रही है, जहां प्रतिदिन करीब 2500 अभ्यर्थी उपस्थित हो रहे हैं। आधिकारिक निवास व्यवस्था न होने के कारण अनेक अभ्यर्थियों को दो-तीन दिन तक सड़क किनारे ही ठहरना पड़ रहा था।

**स्थायी समाधान की मांग**

मंत्री ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि केवल अस्थायी उपाय पर्याप्त नहीं होंगे। भविष्य की भर्ती प्रक्रियाओं के लिए स्थायी समन्वय योजना तैयार की जाए, अन्यथा अभ्यर्थियों के अधिकारों के लिए आक्रामक रुख अपनाया जाएगा।

इस पूरे मामले के बाद नागरिकों में भी नाराजगी देखी जा रही है और प्रशासन से मांग उठ रही है कि 'भावी पुलिसकर्मियों की सड़क पर होने वाली परवड तुरंत रोकी जाए।'












# सौम्या का फिटनेस मंत्र



टीवी सीरियल 'भाबीजी घर पर हैं' की 'गोरी मैम' यानी सौम्या टंडन इन दिनों अपनी फिल्म 'धुरंधर' की सफलता का जश्न मना रही हैं। इस मौके पर उन्होंने अपने फैंस के लिए फिटनेस को लेकर प्रेरक संदेश भी साझा किया। सौम्या ने कहा कि फिटनेस कोई अस्थायी काम नहीं, बल्कि अपने आप से जीवनभर का कमिटमेंट है। उन्होंने खासतौर पर महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि चाहे हालात कैसे भी हों, शरीर का ख्याल रखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। उनका कहना है, 'शरीर सबसे बेहतरीन निवेश है।' सौम्या ने सोशल मीडिया पर अपनी वर्कआउट की कई तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें वे एरियल योग, प्लैंक्स, टीआरएक्स वर्कआउट और पिलाटेस करती नजर आ रही हैं। उन्होंने बताया कि योग, पिलाटेस और वेट ट्रेनिंग सालों से उनकी दिनचर्या का हिस्सा हैं।

# भारतीय शेरों की सेमीफाइनल में रॉयल एंट्री, T20 WC में चेज किया सबसे बड़ा स्कोर, विंडीज को 5 विकेट से चटाई धूल

टीम इंडिया ने कोलकता के ईडन गार्डन्स में इतिहास रच दिया है। टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप में अपना सबसे बड़ा स्कोर चेज कर दिया। टीम इंडिया की इस जीत के हीरो विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन रहे। इसके साथ ही भारतीय टीम ने ऊ20 ॅदे्‌ एल्ज 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 195 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के द्वारा दिए गए स्कोर को 5 विकेट शेष रहते 19.4 ओवर में हासिल कर लिया। भारत ने स्कोर चेज करते हुए 20 ओवर में 199 रन बनाए।

टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत दमदार रही। कप्तान शाई होप और रोस्टन चेज ने मिलकर पहले विकेट के लिए 8.5 ओवर में 68 रन जोड़े। होप ने 33 गेंदों में 32 रन बनाए, जबकि चेज ने 25 गेंदों का सामना करते हुए 40 रनों की शानदार पारी खेली। शिमरोन हेटमायर ने आगाज तो अच्छा किया, लेकिन वह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके। हेटमायर 12 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए।

**होल्डर और पॉवेल की अर्धशतकीय साझेदारी**

हालांकि, शेरफेन रदरफोर्ड बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और वह 9 गेंदों में 14 रन बनाकर हार्दिक पांड्या का शिकार बने। रदरफोर्ड के पवेलियन लौटने के बाद रोवमैन पॉवेल और जेसन होल्डर ने मोर्चा संभाला और पांचवें विकेट के लिए महज 35 गेंदों में 76 रनों की अहम साझेदारी निभाई। होल्डर ने 22 गेंदों का सामना करते हुए 37 रनों की नाबाद पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 2 चौके और तीन छक्के लगाए। वहीं, पॉवेल ने महज 19 गेंदों में 178 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए नाबाद 34 रन बनाए।



# नागपुर के राउलगांव में विस्फोटक कारखाने में भीषण धमाका, १७ की मौत, १८ घायल





महाराष्ट्र के नागपुर जिले के राउलगांव गांव में रविवार (1 मार्च 2026) को एक विस्फोटक निर्माण कारखाने में हुए भीषण धमाके में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 अन्य घायल हो गए। घायलों को तुरंत नागपुर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। यह हादसा औद्योगिक विस्फोटक बनाने वाली कंपनी SBL Energy Limited के कारखाने में हुआ। विस्फोट इतना जोरदार था कि आसपास के इलाके में दहशत फैल गई और कारखाने की इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा। घटना के बाद राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि राहत कार्य तेजी से चल रहा है और घायलों को इलाज के लिए नागपुर भेजा गया है। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। साथ ही संबंधित कंपनी द्वारा भी पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद दिए जाने की बात कही गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने जांच के आदेश दे दिए हैं। मौके पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल तथा अन्य संबंधित विभागों की टीमें पहुंच चुकी हैं और मलबा हटाने का काम जारी है। राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने भी घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। यह विस्फोट नागपुर जिले की एक बड़ी औद्योगिक दुर्घटना के रूप में देखा जा रहा है। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है और राहत दल अब भी मौके पर बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।

### शोक संदेश और सहायता की घोषणा

द्रौपदी मुर्मु ने नागपुर में हुए विस्फोट पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

नरेंद्र मोदी ने भी घटना पर दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विस्फोट के कारणों की गहन जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने विस्फोट पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर ६ मार्च को अमरावती में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

अमोल सूर्यवंशी

**अमरावती।** छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर ६ मार्च २०२६ को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारी शिवसेना की ओर से की जा रही है। आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि शोभायात्रा




को आकर्षक और भव्य बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। जिलाप्रमुख संतोष बद्रे ने जानकारी देते हुए बताया कि शोभायात्रा में लगभग १५ से २० आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। इसके अलावा विभिन्न ढोल-ताशा पथक, उज्जैन और जालना के प्रसिद्ध बैंड दल, बांसुरी वादन दल तथा डीजे की प्रस्तुति से माहौल उत्साहपूर्ण बनाया जाएगा। शोभायात्रा में घोड़े और ऊंट भी शामिल रहेंगे, वहीं पारंपरिक वेशभूषा में कलाकार विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। आयोजन के दौरान आतिशबाजी की भी विशेष व्यवस्था की गई है। यह शोभायात्रा बुधवारा चौक स्थित आज़ाद हिंद मंडल से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी। यात्रा का मार्ग सिताराम बिल्डिंग चौक, अंबागेट, गांधी चौक, राजकमल चौक, श्याम चौक, जस्टम चौक, प्रभात चौक, जवाहर गेट, सराफा बाजार, भाजी बाजार और नीलकंठ चौक होते हुए पुनः बुधवारा चौक पर समाप्त होगा। शोभायात्रा के समापन के बाद स्वर्गीय हरिभाऊ कलोती स्मारक, बुधवारा चौक पर सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई है।

इस आयोजन में शहरप्रमुख अजय महल्ले, युवा सेना जिल्हाप्रमुख राम पाटील, उपजिल्हाप्रमुख समीर कोरपे, जिल्हा संघटक पंकज मुळे, शहर संघटक सुरेश चव्हाण, युवा सेना प्रमुख संतोष सुरज बरडे, उपशहर प्रमुख राजेश पाठक, अमर करोशिया, शुभम साबळे, अकील ठाकरे सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। आयोजकों ने शहरवासियों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

# आयशर वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन नाबालिगों की मौत


## तेल्हारा के पास दर्दनाक हादसा




राहुल खाड़े

**अकोला।** जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन नाबालिग लड़कों की जान चली गई। यह हादसा तेल्हारा शहर के पास शेरी फाटा इलाके में हुआ, जहां एक आयशर वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान दर्शन रामेश्वर वैष्णव (करीब 16 वर्ष), साई रामेश्वर वैष्णव (करीब 12 वर्ष) और गणेश दीपक अपतुरकर (करीब 16 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दर्शन और साई सगे भाई थे। तीनों नाबालिग मालेगांव के रहने वाले थे और किसी काम से तेल्हारा की ओर आ रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को तेल्हारा ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक घायल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल आयशर वाहन को जब्त कर लिया है और उसे थाने में खड़ा किया गया है। तीनों शवों का पोस्टमार्टम ग्रामीण अस्पताल में कराया गया है और इस मामले में पुलिस द्वारा केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हादसे की जांच जारी है। इस हृदयविदारक घटना से वैष्णव और अपतुरकर परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं मालेगांव क्षेत्र में भी शोक का माहौल है और पूरे इलाके में इस हादसे को लेकर गहरा दुख व्यक्त किया जा रहा है।

# तेज रफ्तार बाइक ने पैदल यात्री को कुचला, बैरिकेड से टकराई, तीन युवाओं की मौत



**मुंबई : मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर एक भयानक एक्सीडेंट हुआ, जिसमें तीन नौजवानों की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब एक तेज़ रफ़्तार मोटरसाइकिल ने पीछे से एक पैदल चल रहे आदमी को टक्कर मार दी। पीड़ित रिपोर्ट के मुताबिक, विरार के रहने वाले शाहरुख फूलजहा खान अपने दोस्त अर्जुन शेट्टी के साथ अपनी सुज़ुकी मोटरसाइकिल पर हाईवे पर जा रहे थे।**

**जैसे ही वे साधना होटल के पास चिंचोटी गांव के इलाके में पहुंचे, उनकी मोटरसाइकिल सड़क पर चल रहे कोल्हीगांव के रहने वाले ईश्वर साव (19) से टकरा गई। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि मोटरसाइकिल बाद में सड़क पर लगे लोहे के बैरिकेड से टकरा गई। टक्कर की गंभीरता के कारण मोटरसाइकिल पर सवार दो और पैदल चल रहे आदमी, तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।**

**घटना की जानकारी मिलने पर, नायगांव पुलिस स्टेशन की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शाहरुख खान के खिलाफ लापरवाही से मौत और बहुत तेज़ रफ़्तार से गाड़ी चलाने, जिससे उसकी और दूसरों की जान खतरे में पड़ गई, का केस दर्ज किया है। मामले में आगे की जांच अभी चल रही है।**

# कादरी मस्जिद में हुआ ४ दिन की तरावीह में तीस पारा का एक कुरआन हुआ मुकम्मल

संवाददाता फरियाद अली

उत्तर प्रदेश बहराइच के हसुलिया गांव के कादरी मस्जिद में एक कुरआन तरावीह में हुआ मुकम्मल। हाफिज व कारी मेराज इस्माइली नवाबगंज के द्वारा हसुलिया गांव के कादरी मस्जिद में सुनाया गया तीस पारा का मुकम्मल कुरआन।



मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अहतराम के साथ की नमाज अदा। २३फरवरी२०२६ से शुरूआत की गई तरावीह। २६फरवरी २०२६को तीस पारा का कुरआन हुआ मुकम्मल। खातिब इमाम इम्तियाज बरकाती इस्लामी साहब के हाजिरी में हुई तीन दिन की मुकम्मल कुरआन कुरआन मुकम्मल होने के बाद मांगी गई देश-अमन-शांति की दुआ। समाज सेवियों ने सभी नमाज़ियों को बांटे सीरीनी और पानी की बोतलें। इस दौरान मौके कमेटी के हाफिज अब्दुर रऊफ साहब हाफिज अब्दुल कलीम हाफिज समीम सभी की मौजूदगी में,दुजी भाई,आस मोहम्मद शरीफ ,इशाक ,जानो ,रमजान, सुफियान ,राजो ,इस्लाम,जमाल हसुलिया गांव के कादरी मस्जिद में कमेटी के सभी कार्यकर्ताओं के मौजूदगी में इस बार फिर फैसला लिया गया की हर साल हाफिज व कारी स्माइली नवाबगंज के द्वारा पढ़ाया जाएगा तरावीह ,हाफिज व कारी इस्माइली को मुसाफा में नजराना वा ईनाम व इकराम व कपड़ा वा तोहफा के साथ नवाजा गया।

# शादी का झांसा देकर करोड़ों की ठगी

मुंबई : दहिसर इलाके में सोशल मीडिया और मैट्रिमोनियल साइट्स के ज़रिए शादी का झांसा देकर महिलाओं से करोड़ों रुपये ठगने का एक बड़ा मामला सामने आया है। दहिसर पुलिस स्टेशन ने एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है जो सोशल मीडिया और मैट्रिमोनियल साइट्स के ज़रिए महिलाओं को झांसा देता था। आरोपी कभी किसी बड़ी कंपनी का ऑफिसर, कभी फिल्म इंडस्ट्री का डायरेक्टर तो कभी विदेश का कोई बड़ा बिजनेसमैन बनकर खुद को ठगता था।

गिरफ्तार आरोपी का नाम विराज बालासाहेब भोसले है। पुलिस के मुताबिक, उसने अलग-अलग नामों से फेक प्रोफाइल बनाईं और खुद को अनमैरिड और बहुत पढ़ा-लिखा दिखाया। वीडियो कॉल के दौरान, वह महिलाओं को अपने घर की दराज में रखे नोटों के बंडल दिखाता और उन्हें यकीन दिलाता कि वह बहुत अमीर है। आरोपी महिलाओं से शादी का वादा करता और उन्हें विदेश में सेटल करने का सपना दिखाता। जब महिलाएं पूरा भरोसा कर लेतीं, तो वह अचानक मुश्किल में होने का बहाना बनाकर पैसे मांगना शुरू कर देता। कभी-कभी वह कहता कि ईडी उसके घर पर रेड करने वाली है, इसलिए उसे अपने पैसे और गहने बचाने हैं। कभी-कभी वह बिज़नेस में नुकसान या परिवार में इमरजेंसी का बहाना बनाता था।इसी तरह, उसने एक विक्टिम से कई किश्तों में करीब 6 लाख रुपये ऐंठ लिए। जब महिला ने उस पर शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी बहाने बनाने लगा और आखिरकार उसने कॉन्टैक्ट तोड़ दिया।

फ्रॉड का एहसास होने पर, विक्टिम ने दहिसर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। टेक्निकल जांच और डिजिटल ट्रैकिंग का इस्तेमाल करके, साइबर डिपार्टमेंट की असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर श्रद्धा पाटिल ने विरार इलाके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी ने इसी तरह एक दर्जन से ज़्यादा महिलाओं को टारगेट किया है। पुलिस अब उसके बैंक अकाउंट, ट्रांजैक्शन और सोशल मीडिया एक्टिविटी की अच्छी तरह से जांच कर रही है। ठगी गई कुल रकम करोड़ों में होने का शक है।दहिसर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया या मैट्रिमोनियल साइट्स पर किसी भी अनजान पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। शादी, इन्वेस्टमेंट या किसी भी इमरजेंसी के नाम पर पैसे मांगने वालों से सावधान रहें और किसी भी संदिग्ध एक्टिविटी की तुरंत पुलिस या साइबर सेल को रिपोर्ट करें।

# स्टील की रॉड गिरने से राहगीर घायल, एमएमआरडीए ने कॉन्ट्रैक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी किया

इस्माईल खान

मुंबई : सेवरी-वर्ली एलिवेटेड कनेक्टर प्रोजेक्ट साइट पर कंस्ट्रक्शन के काम के दौरान स्टील का एक बार गिरने से एक राहगीर को मामूली चोटें आईं। इसके बाद मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने सेफ्टी रिव्यू शुरू किया और कॉन्ट्रैक्टर और प्रोजेक्ट कंसल्टेंट को कारण बताओ नोटिस जारी किया। घटना की टाइमलाइन यह घटना 27 फरवरी को शाम करीब 6.30 बजे हुई, जब प्रोजेक्ट कॉन्ट्रैक्टर पियर को मजबूत करने का काम कर रहा था। अधिकारियों के मुताबिक, काम के दौरान एक स्टील का बार गलती से फिसल गया, बैरिकेड से टकराकर एक राहगीर को लग गया।

घायल व्यक्ति के सिर में मामूली चोट लगी और उसे तुरंत परेल के ग्लेन ईगल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने इलाज किया। व्यक्ति को चार टांके लगे और वह अभी स्थिर है और खतरे से बाहर है। डॉक्टरों ने संकेत दिया है कि मरीज़ को जल्द ही छुट्टी मिल सकती है। एमएमआरडीए के एक एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ने घटना के तुरंत बाद साइट का दौरा किया और बाद में स्थिति का जायजा लेने और इलाज कर रहे डॉक्टरों से सलाह लेने के लिए हॉस्पिटल में घायल व्यक्ति से मुलाकात की। अथॉरिटी ने कहा है कि वह मेडिकल ट्रीटमेंट का पूरा खर्च उठाएगी और ठीक होने तक पूरी मदद करेगी। शो-कॉज़ नोटिस जारी पब्लिक सेफ्टी को 'नॉन-नेगोशिएबल' बताते हुए, एमएमआरडीए ने प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट, स्ट्रूप, और कॉन्ट्रैक्टर, जे कुमार इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड को शो-कॉज़ नोटिस जारी करके इस गलती के लिए सफाई मांगी है। अधिकारियों ने कहा कि जो भी ज़िम्मेदार पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। अथॉरिटी ने कंस्ट्रक्शन साइट पर सेफ्टी प्रैक्टिस और कंप्लायंस मैकेनिज्म का तुरंत रिव्यू करने का भी ऑर्डर दिया है। ऐसी




घटनाओं को रोकने के लिए सुपरविज़न को मज़बूत करने और सेफ्टी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन पक्का करने के निर्देश जारी किए गए हैं। सिवरी-वर्ली एलिवेटेड कनेक्टर एक अहम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है जिसका मकसद मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (अटल सेतु) से ट्रैफिक को बेहतर तरीके से फैलाना है। 4.5 किमी का यह कॉरिडोर ट्रांस-हार्बर ब्रिज को बांद्रा-वर्ली सी लिंक और कोस्टल रोड से जोड़ेगा, जिससे सेंट्रल मुंबई में ईस्ट-वेस्ट कनेक्टिविटी काफी बेहतर होगी। पुल को गिराने और फिर से बनाने का काम चल रहा है इस प्रोजेक्ट के तहत, एमएमआरडीए को पिछले साल ब्रिटिश ज़माने के एलफिंस्टन रोड रेलवे ओवरब्रिज को गिराने के लिए ट्रैफिक क्लीयरेंस मिला था, ताकि कंस्ट्रक्शन का काम आसान हो सके। महाराष्ट्र रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (महारेल) को मौजूदा स्ट्रक्चर को हटाकर प्रभादेवी स्टेशन के पास सेंट्रल और वेस्टर्न रेलवे ट्रैक पर एक नया डबल-डेकर पुल बनाने का काम सौंपा गया है।

# मुंबई में 'जॉइंट हैश' ड्रग्स की डिमांड में तेजी, नेपाली नेटवर्क का भंडाफोड़, २.८१ करोड़ की अफगानी चरस जब्त

**मुंबई :** होली के दौरान मुंबई में भांग, अफीम, चरस, हैश जैसे मादक पदार्थों की अचानक मांग तेज हो जाती है। ड्रग्स तस्कर अफगानिस्तान में पैदा होने वाले अफगानी अफीम व हशिश की पाकिस्तान व नेपाल के जरिए तस्करी कर भारत में खपत करवाने में जुट जाते हैं। एंटि नारकोटिक्स सेल (एनसी) से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इन दिनों मुंबई में कुछ ऐसे ड्रग्स तस्कर सक्रिय हैं, जो हाई-प्रोफाइल 'जॉइंट हैश' ड्रग्स की सप्लाई करते हैं।




**२.८१ करोड़ रुपये की अफगानी चरस बरामद:** २६ फरवरी की रात ऐसे ही एक नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए एएनसी ने २.८१ करोड़ रुपये की अफगानी चरस बरामद किए। इस मामले में दो विदेशी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार हुए थे। अंधेरी के एक होटल से गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान दीपक लांबा (२८) और सुंदर अरुण (३४) के रूप में हुई। दोनों नेपाल के चितवन के निवासी हैं जबकि दो अन्य विलेपार्ले निवासी आरोपी पति-पत्नी हैं। इन आरोपियों से जब्त मादक पदार्थ उच्च गुणवत्ता वाले 'जॉइंट हैश' थे।

**जॉइंट हैश की सर्वाधिक मांग**

सूत्र बताते हैं कि जॉइंट हैश की मांग कथित तौर पर निजी पार्टी करने वाले रईसों और फिल्मी दुनिया के लोगों में अधिक होती है। यह ड्रग्स चूंकि कम से कम १२ घंटे तक असर दिखाता है इसलिए इसकी मांग सिगरेट, सिगार, चरस व अफीम का सेवन करने वाले लोगों में सर्वाधिक होती है। साथ ही, हुक्का पीने वाले युवा वर्ग भी जॉइंट हैश का धड़ल्ले से सेवन करते हैं।

# ईरान-इज़रायल तनाव का पुणे पर असर

## दुबई में फंसे 84 छात्र-शिक्षक, कई उड़ानें रद्द

**मुन्ना मुजावर**

**पुणे:** पश्चिम एशिया में बढ़ते ईरान-इज़रायल तनाव का असर अब पुणे के यात्रियों और छात्रों पर भी दिखाई देने लगा है। जहां एक ओर दुबई में पुणे के एक प्रतिष्ठित स्कूल के 84 लोग फंसे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के रद्द होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि, शीर्ष नेताओं की मौत जैसी खबरों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन क्षेत्र में बढ़े सैन्य तनाव के कारण विमान सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

**मुंबई एयरपोर्ट पर यात्रियों की परेशानी**

ईरान और इज़रायल के बीच बढ़े तनाव का सीधा असर भारतीय विमानन सेवाओं पर पड़ा है। सुरक्षा स्थिति बिगड़ने के चलते कई एयरलाइनों ने अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें अस्थायी रूप से स्थगित कर दी हैं, जिससे मुंबई हवाई अड्डे पर सैकड़ों यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।




**पुणे एयरपोर्ट से रद्द उड़ानें**

युद्ध जैसे हालात के कारण पुणे से दुबई और अबू धाबी जाने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं:

SG 51 - पुणे से दुबई (प्रस्थान: 20:30 बजे)

SG 52 - दुबई से पुणे (आगमन: 04:55 बजे, 02/03/2026)

6E 1484/1483 – दुबई-पुणे-दुबई (आगमन: 22:30 बजे । प्रस्थान: 00:30 बजे, 02/03/2026)

**दुबई में फंसे 84 लोग**

पुणे के एक प्रतिष्ठित स्कूल के 84 लोग दुबई में फंसे हुए हैं, जिनमें 80 छात्र और 4 शिक्षक शामिल हैं। ये सभी अध्ययन भ्रमण पर गए थे। राहत की बात यह है कि सभी छात्र सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

**भारत लाने की कोशिशें तेज**

विदेश मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने छात्रों को सुरक्षित भारत वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्कूल प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि घबराएं नहीं–छात्रों को जल्द स्वदेश लाया जाएगा।

# काळेपडळ पोलीस स्टेशन की बड़ी कार्रवाई: देशी पिस्टल के साथ आरोपी गिरफ्तार

मुन्ना मुजावर

पुणे शहर में अपराध और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुणे पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस आयुक्त, पुणे शहर के आदेशानुसार अवैध धंधों, तड़ीपार आरोपियों और अवैध हथियार रखने वालों की सख्त जांच के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में काळेपडळ पुलिस स्टेशन की टीम पेट्रोलिंग कर रही थी। पुलिस अंमलदार अतुल पंधरकर और शाहीद शेख को मुखबिर से सूचना मिली कि इरफान रईसउद्दीन मलिक, निवासी संकेतविहार, काळेपडळ, पुणे, दादा गुजर स्कूल के पास साठेनगर रोड किनारे संदिग्ध अवस्था में खड़ा है और उसके पास अवैध हथियार है। यह सूचना सहायक पुलिस निरीक्षक अमित शेटे को दी गई। उनके मार्गदर्शन में टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा, लेकिन टीम ने चारों तरफ से घेरकर उसे पकड़ लिया। पंचों की मौजूदगी में तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 1 देशी पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। जब्त किए गए हथियार की कुल कीमत लगभग 51,000 रुपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 3(25), 3(5) और मुंबई पुलिस एक्ट की धारा 37(1)(3) सह 135 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। यह पूरी कार्रवाई पुलिस उप आयुक्त राजकुमार शिंदे (परिमंडल 6, पुणे शहर), सहायक पुलिस आयुक्त अनुराधा उदमले (हडपसर विभाग - अति. कार्य) और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मानसिंग पाटील के मार्गदर्शन में की गई। इस ऑपरेशन में सहायक पुलिस निरीक्षक अमित शेटे, पुलिस उप-निरीक्षक विनायक गुरव, पुलिस हवालदार प्रविण काळभोर, दाऊद सय्यद, प्रतिक लाहिगुडे, विशाल ठोंबरे, शाहीद शेख, लक्ष्मण काळे, अतुल पंधरकर, सद्दाम तांबोळी, प्रदिप बेडीस्कर, महादेव शिंदे और गिरीराज जगदाळे शामिल थे। काळेपडळ पुलिस की इस धडाकेबाज कार्रवाई से इलाके में अवैध हथियार रखने वालों में हड़कंप मच गया है।




# पुणे के जुन्नार स्कूल में चाकूबाजी: झगड़ा सुलझाने गए 2 छात्र गंभीर घायल, आरोपी पर केस दर्ज

**मुन्ना मुजावर**

**जुन्नार:** पुणे में अपराध की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। झड़पें, सड़कों पर चाकुओं से आतंक फैलाने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। इसी तरह, पुणे के शिक्षा के केंद्र माने जाने वाले जुन्नार में एक स्कूल में गैंगवार की घटना सामने आई है। एक गुट ने दूसरे गुट पर हमला कर दिया। इस हमले में दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



पुलिस के अनुसार, यह घटना जुन्नार तालुका के वडगांव आनंद स्थित एक स्कूल में घटी। कक्षा नौ में पढ़ने वाले एक लड़के ने कक्षा आठ के दो लड़कों पर हमला कर दिया। इस हमले में दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल छात्रों के नाम पार्थ यादव (उम्र 14 वर्ष) और आयुष वालुज हैं। स्कूल में कक्षा नौ के दो लड़कों के बीच झगड़ा चल रहा था। कक्षा आठ के दो लड़के, पार्थ यादव और आयुष वालुज, झगड़ा सुलझाने के लिए बीच में आए। लेकिन उनके झगड़े के कारण दोनों समूहों के बीच भी लड़ाई छिड़ गई।

पुलिस के अनुसार, यह घटना जुन्नार तालुका के वडगांव आनंद स्थित एक स्कूल में घटी। कक्षा नौ में पढ़ने वाले एक लड़के ने कक्षा आठ के दो लड़कों पर हमला कर दिया। इस हमले में दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल छात्रों के नाम पार्थ यादव (उम्र 14 वर्ष) और आयुष वालुज हैं। स्कूल में कक्षा नौ के दो लड़कों के बीच झगड़ा चल रहा था। कक्षा आठ के दो लड़के, पार्थ यादव और आयुष वालुज, झगड़ा सुलझाने के लिए बीच में आए। लेकिन उनके झगड़े के कारण दोनों समूहों के बीच भी लड़ाई छिड़ गई। इसके बाद, क्रोधित नौवीं कक्षा के एक छात्र ने दोनों विद्यार्थियों पर हमला कर दिया। लड़के ने चाकू से दोनों विद्यार्थियों पर वार किए। दोनों विद्यार्थी गंभीर रूप से घायल हो गए और एक विद्यार्थी की श्वास नली में गंभीर चोट आई, जिसका निजी अस्पताल में सफल ऑपरेशन हुआ।

**छात्र के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।**

घायल लड़के के मामा निखाल दंगड़ तुरंत अलेफाटा पुलिस स्टेशन पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। बताया जाता है कि जिस लड़के के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, वह उनके साथ कानूनी झगड़े में शामिल था। उसका और अन्य लड़कों के बीच झगड़ा चल रहा था। आयुष झगड़ा सुलझाने के लिए बीच में आया था। उसी दौरान, गुस्से में आए आरोपी लड़के ने आयुष की पीठ पर चाकू से वार कर दिया। इसके बाद, आयुष को बचाने के लिए आगे आए पार्थ की गर्दन पर भी चाकू से वार किया गया। पार्थ गंभीर रूप से घायल है। दोनों का कोंकणे अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में कानूनी झगड़े में शामिल लड़के के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। अलेफाटा पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर विश्वासराव जाधव ने बताया कि आगे की जांच जारी है।

# पुणे में 70 रुपये के पास के लिए 'हाईटेक' ठगी! हूबहू फर्जी ऐप बनाकर PMPML को लगाया चूना, कौस्तुभ की चालाकी से सब हैरान

मुन्ना मुजावर



पुणे: भारती विद्यापीठ पुलिस ने पुणे महानगर परिवहन महामंडल (पीएमपीएमएल) के आधिकारिक मोबाइल एप्लिकेशन से मिलती-जुलती फर्जी ऐप बनाकर प्रशासन को धोखा देने के आरोप में एक शिक्षित युवक को गिरफ्तार किया है। फर्जी पास बनाने के लिए तकनीक के दुरुपयोग का यह चौंकाने वाला मामला पुणे में सामने आया है।

**वास्तव में क्या हुआ?**

जिस युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, उसका नाम कौस्तुभ शैलेश मांजरेकर (उम्र 24 वर्ष, निवासी बालाजीनगर) है। कौस्तुभ प्रतिदिन भारती विद्यापीठ बीआरटी बस स्टॉप से काम पर जाने के लिए बस का इस्तेमाल करता था। 26 फरवरी को सुबह लगभग 10:30 बजे, निरीक्षण के लिए आए पीएमपी अधिकारी को उसने अपने मोबाइल में 'दैनिक पास' दिखाया। कौस्तुभ द्वारा दिखाया गया पास भले ही असली लग रहा था, लेकिन अनुभवी कर्मचारी ने उसमें कुछ गड़बड़ी देखी। संदेह होने पर उसने तुरंत पीएमपी मुख्यालय से संपर्क किया और पास कोड की जाँच करवाई। जाँच में एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि कौस्तुभ ने आधिकारिक ऐप का उपयोग करने के बजाय अपना खुद का 'फर्जी एप्लिकेशन' बनाया था। इस ऐप के माध्यम से वह अपने नाम से 70 रुपये का फर्जी पास बना रहा था और उसे आधिकारिक बता रहा था।

**जांच का चक्र घूम गया**

पुलिस को संदेह है कि कौस्तुभ ने न केवल अपने फायदे के लिए बल्कि दूसरों के फायदे के लिए भी इसी तरह के फर्जी पास उपलब्ध कराए होंगे। इस संबंध में भारती विद्यापीठ पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह आश्चर्यजनक है कि एक शिक्षित युवक ने कुछ रुपयों के लालच में अपराध का रास्ता चुना।

# कैफे में बैठकर कर रहा था बातचीत, अचानक तीन लोगों ने घेरकर मारा-पीटा; वारदात का LIVE VIDEO सामने आया

**मुन्ना मुजावर**



**पुणे:** पुणे में अपराध की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं, ऐसे में सवाल उठता है कि क्या पुलिस डर रही है या नहीं। कहीं सड़कों पर तलवारों से दहशत फैली है तो कहीं गोलीबारी की घटनाएं। इसी बीच पुणे से एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। एक कैफे में बैठे एक नाबालिग लड़के को कैफे में घुस आए एक गिरोह ने बेरहमी से पीटा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना 26 फरवरी को पुणे के सिंहगढ़ रोड पुलिस स्टेशन के अंतर्गत घटी। जिस नाबालिग लड़के की पिटाई हुई, वह अपने दोस्त और प्रेमिका के साथ एक कैफे में बैठा था। शाम करीब 6 बजे तीन युवक कैफे में आए। उन्होंने नाबालिग लड़के को पकड़ लिया और उसकी पिटाई शुरू कर दी। घटना यहीं नहीं रुकी, उन तीनों ने नाबालिग लड़के को पकड़ लिया और उसे सीढ़ियों से नीचे घसीटते हुए ले गए। सचमुच उसे सीढ़ियों से नीचे घसीटते हुए ले गए। इसी दौरान, नाबालिग लड़के का दोस्त और प्रेमिका उसे बचाने के लिए आगे दौड़े, लेकिन गिरोह ने उनसे भी लड़ाई की।

पूरी घटना कैफे के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है। इस संबंध में सिंहगढ़ पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मारपीट किसी पुराने विवाद के चलते हुई है। इस घटना से सिंहगढ़ इलाके में सनसनी फैल गई है।

# ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली हुसैनी खामेनेई की शहादत पर मीरा रोड में शोक रैली

## हजारों लोग सड़कों पर उतरे, कैनडल मार्च में बच्चों ने सहभागिता दिखाई





**नजमुल हसन रिज़वी**

**मीरा रोड:** ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली हुसैनी खामेनेई की शहादत की खबर फैलते ही मीरा रोड के नया नगर स्थित हैदरी चौक और हैदरी जामा मस्जिद क्षेत्र में ग़म और आक्रोश का माहौल दिखाई दिया। सोशल मीडिया के जरिए मिली सूचना के बाद बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे काले कपड़ों में मस्जिद परिसर और आसपास की सड़कों पर एकत्र हुए।

सभा के दौरान लोगों ने नम आंखों से शोक व्यक्त किया और 'शहादत, शहादत', 'अमेरिका मुर्दाबाद' तथा 'इज़राइल मुर्दाबाद' जैसे नारे लगाए। कई लोग भावुक होकर रो पड़े, जबकि बच्चों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर हैदरी जामा मस्जिद से हैदरी चौक तक शांतिपूर्ण मार्च निकाला।

मौलाना हसनैन करारवी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'अगर अमेरिका यह समझता है कि बम हमले से ईरान खत्म हो जाएगा, तो वह गलतफहमी में है। ईरान जिंदा है और हम उसके साथ खड़े हैं।'

मौलाना हसन इमाम ने कहा, 'आयतुल्लाह खामेनेई हमारे आध्यात्मिक मार्गदर्शक हैं। वे हमेशा हज़रत इमाम अली (अ.) की राह पर चलते रहे, इसलिए आज पूरी उम्मत गहरे शोक में है।'

मौलाना फैज़ान जवादी ने कहा, 'हम आयतुल्लाह खामेनेई के परिवार के शहीदों के लिए भी शोक व्यक्त करते हैं। मेरी उच्च शिक्षा ईरान में हुई है, इसलिए उनसे मेरा विशेष लगाव है। हमारी दुआएं ईरान और उसके नेतृत्व के साथ हैं।'


वहीं मौलाना अलमदार हुसैन ज़ैदी ने कहा, 'ईरान और उसकी दृढ़ जनता एक बार फिर इज़राइल के आक्रमण का सामना कर रही है। कोई मिसाइल या धमकी उसकी संप्रभुता और हौसले को नहीं तोड़ सकती। अल्लाह ईरान की हिफाज़त करे और उसके लोगों को सब्र और हिम्मत अता करे।'

इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने आयतुल्लाह खामेनेई के पोस्टर और तस्वीरें लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों का कहना था कि शहादत से शिया समुदाय डरता नहीं है और वे अपने रहबर के साथ मजबूती से खड़े हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, शोक सभा और मार्च में विभिन्न धार्मिक पृष्ठभूमि के लोग भी शामिल हुए। तरावीह की नमाज़ के बाद अन्य मुस्लिम समुदायों के लोग भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए और ईरान के लिए दुआ की।

पूरे इलाके में भारी भीड़ के बीच गम, एकजुटता और प्रतिरोध की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

JANSEVA SOCIAL FOUNDATION
Non Goverment Organization
Reg. No. F-75914



NITI AYOG 12A,80G & CSR Registered
DONATE FOR POOR AND UNDERPRIVILEGED
Contact us 9930026943
SBI BANK
JANSEVA SOCIAL FOUNDATION
Account No:.39171751769
IFS Code : SBIN0012959
www.jansevasocialfoundation.com
701/ C Wing crystal Plaza opposite infinity mall Andheri West

यह दैनिक मालक, मुद्रक, प्रकाशक - मोहम्मद सईद अकबर अली शेख द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4- ग्राऊंड फ्लोर, एन के. इंडस्ट्रियल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, नीयर प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट, गेट नं. 2, गोरेगांव पूर्व, मुंबई 400 063 से छपवाकर, रूम नं. ३६१, जाकिर अली चॉल, स्कॉटर कॉलोनी, जोगेश्वरी (पूर्व), मुंबई ४०० ०६० से प्रकाशित. संपादक - मोहम्मद सईद अकबर अली शेख मो.: ९९३००२६९४२ / ९९३००२६९४३
कार्यकारी संपादक - विक्रम सेन email -fightagainstcriminal2016@gmail.com RNI. No. : MAHHIN/2016/71734 सभी पद अवैतनिक है, (विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मुंबई होगा)